कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 319 /11–सी– FP/UP/Approach/43673/2019, लखनऊ, दिनांकः अगस्त 11 ,2020

सेवा में,

अतिरिक्त वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0 लखनऊ द्वारा डलमऊ–ऊँचाहार मार्ग (एस0एच0–38) के किमी0 181 (चैनेज सं0–180+935.90) के मध्य बांयी पटरी पर गाटा सं0–378 ग्राम–अलीपुर चकराई, तहसील–डलमऊ, जिला–रायबरेली में प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.08103 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

प्रस्ताव सं0– FP/UP/Approach/43673/2019

सन्दर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/54/2020/एफ0सी0/729, दिनांक 10.07.2020

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के पत्रांक–677/14–10–4, दिनांक 06.08.2020 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में आनलाईन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन "परिवेश" पोर्टल पर अपलोड कर संलग्नक सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया विषयॉकित प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

<u>संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।</u>

भवदीय
11/8

**(पंकज मिश्र)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या– 319 /11–सी–FP/UP/Approach/43673/2019, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
3. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रायबरेली।
4. टेरीटरी मैनेजर (रिटेल सेल्स), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0 94, महात्मा गांधी, हजरतगंज, लखनऊ।

11/8

**(पंकज मिश्र)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-618